चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

Email.:- registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ website:-www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक : आर0ओ0/1171/2026–27 दिनांक : 09-07-2026

सेवा में,

सचिव / प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
(संघटक / राजकीय / अनुदानित / स्ववित्त पोषित)
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :– चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के दिनांक 22.07.2026 को दीक्षान्त समारोह के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

कृपया मा0 राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के कार्यालय पत्रांकः ई –3450 / 32 –जी0एस0 / 2023–XIX दिनांक 30.05.2026 तथा ई–3806 / 32–जी0एस0 / 2023– XIX दिनांक 11.06.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 के दीक्षान्त समारोह एवं उससे पूर्व दीक्षोत्सव तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु दिशा–निर्देश प्रदान किये गये है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उपर्युक्त पत्र के प्रस्तर 03 (XI) में निम्न आदेश प्रदान किये गये हैः–

" छात्र / छात्राओं के मध्य निबन्ध लेखन की प्रतियोगिता आयोजित की जाय, यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय में आयोजित की जाय, जिसमें महाविद्यालय के बच्चों को भी सम्मिलित किया जाय। प्रतियोगिता में निम्नांकित विषय सम्मिलित होंः–

- भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था कैसे बना।
- राज्य सरकार के दो अच्छे कार्य।
- भारत सरकार के दो अच्छे कार्य।
- पिछले 10 वर्षो में विश्वविद्यालय / संस्थान में चिकित्सा / कृषि / शिक्षा / टैक्नोलाजी के क्षेत्र में किये गये विशिष्ट कार्य।

दीक्षान्त समारोह में छात्र / छात्राओं द्वारा हस्तलिखित निबन्ध लेखन की पुस्तक तैयार कर प्रदर्शित की जाएगी।

अतः आप को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 11.07.2026 को आनलाईन / ऑफलाइन माध्यम से छात्र / छात्राओं के मध्य निबन्ध लेखन की प्रतियोगिता आयोजित कराते हुए दिनांक 13.07.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक विजयी छात्र / छात्राओं की सूची तथा छात्र / छात्राओं द्वारा हस्तलिखित निबन्ध लेखन की पुस्तक ई–मेल essaycompetitionccsumeerut@ccsuniversity.ac.in पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

विशेषः–निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त ई–मेल पर विचार नहीं किया जाएगा।

भवदीय,

09/7/26

कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. अध्यक्षा / संयोजक, साहित्यिक सांस्कृति परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
03. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव